खास-खबरें

प्रशंसकों का जुनून विश्वकप जीतने के इरादे को करता है मजबूतः कोहली

कोलंबो (एजेंसी)। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा कि देश में क्रिकेट के प्रति जुनून और समर्थन एक बार फिर विश्व कप ट्राफी घर लाने के भारतीय टीम के इरादे को मजबूती प्रदान करता है। क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में खेला जायेगा। कोहली ने कहा, हमारे प्रशंसकों का जुनून और अटूट समर्थन ही विश्व कप जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। पिछले विश्व कप जीत की यादें, विशेष रूप से 2011 की जीत, हमारे दिलों में अंकित हैं, और हम अपने प्रशंसकों के लिए नई यादें बनाना चाहते हैं। मैं इस अविश्वसनीय अभियान का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। हम अपने प्रशंसकों के सपनों को साकार करने के लिए अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं।

साउदी को फिटनेस साबित करने का पूरा मौका मिलेगा

लंदन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत में अगले महीने होने वाले विश्व कप से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का पूरा मौका दिया जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे के दौरान एक कैच लपकते समय साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई थी। स्टीड ने कहा कि विशेषज्ञों से राय लेकर उनके बारे में फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तब तक हम विश्व कप को लेकर फैसला नहीं ले सकते। हमें समय सीमा को समझना होगा और जानकारी मिलने के बाद ही हम कोई फैसला लेंगे। हम टिम को फिटनेस साबित करने का पूरा मौका देंगे।

कुलदीप ने टीम को कठिन परिस्थितियों से उबाराः रोहित

श्रेयस की फिटनेस पर चिंता की कोई बात नहीं, अश्विन भी विश्वकप योजनाओं का हिस्सा

कोलंबो (एजेंसी)। एशिया कप फाइनल के बाद हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेयर ऑफ द सीरीज कुलदीप यादव की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कुलदीप ने दबाव के पलों में भी शानदार गेंदबाजी की, खासकर श्रीलंका के विरूद्ध सुपर-4 मैच में। उस मैच में हमारे पास बड़ा स्कोर नहीं था, लेकिन कुलदीप आए और उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लिया। पिछले 1-1.5 साल में उनका आत्मविश्वास अलग ढंग से ऊपर गया है और जब भी उन्हें मौका मिल रहा है, वह बेहतरीन कर रहे हैं। वह टीम को कठिन परिस्थितियों से उबार रहे हैं, जो कि एक बेहतरीन खासियत है। तेज गेंदबाजी आक्रमण से खासे संतुष्ट रोहित ने कहा कि श्रीलंका के छह विकेट झटकने से उत्साहित मोहम्मद सिराज लगातार सात ओवर फेंकने के बाद और गेंदबाजी करना चाहते थे मगर ट्रेनर की सलाह पर उनके स्पेल को सीमित करना पड़ा। कप्तान रोहित का मानना है कि श्रेयस अय्यर की फिटनेस चिंता की बात नहीं है और वह धीरे-धीरे मैच फिटनेस के सभी मानकों को पूरा कर रहे हैं। पीठ की चोट से उबर रहे श्रेयस को एशिया कप दल में जगह तो मिल रही थी, लेकिन वह दो ही मैच खेल पाए और उनका चोट फिर से उभर गया। रोहित ने कहा कि श्रेयस लगभग 99 प्रतिशत फिट हैं। उन्होंने इसके लिए लड़ाई लड़ी है। वह घंटों तक फील्डिंग कर रहे हैं और फिलहाल पूरी तरह से मैच फिट होने की कगार पर हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई चिंता की बात है। श्रेयस एशिया कप

के शुरुआती दो मैचों में खेले थे। जहां पाकिस्तान के खिलाफ बारिश से प्रभावित रद्द मैच में उन्होंने 14 रन बनाए थे, वहीं नेपाल के खिलाफ उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। इसके बाद उनका पीठ दर्द फिर से उभर गया और वह आगे के तीन मैचों में नहीं खेले। इसके बाद से उनके विश्व कप उपलब्धता पर भी सवाल उठाए जाने लगे थे। हालांकि रोहित के बयान के बाद ऐसा लग रहा है कि वह ना सिर्फ विश्व कप दल में रहेंगे, बल्कि उससे पहले वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का भी हिस्सा होंगे। वहीं अक्षर पटेल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती दो मैचों से बाहर हो सकते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान उनके बाएं कलाई पर चोट लगी थी और फिर उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर को दल में बुलाया गया था। रोहित ने बताया, ऐसा लग रहा है कि वह एक सप्ताह या 10 दिन के लिए अनुपलब्ध रहेंगे। हमें इंतजार करना होगा कि उनकी चोट कितनी तेजी से ठीक हो रही है। लोग अलग-अलग होते हैं, कई लोग बहुत ही तेजी से चोट से उबरते हैं। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि अक्षर के साथ भी ऐसा हो। इसलिए हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि उनकी क्या प्रगति होती है। हालांकि मैं निश्चित नहीं हूं, लेकिन मुझे लग रहा है कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। रोहित ने बताया वह उन सभी लोगों से बातचीत कर रहे हैं जो भले ही 15-सदस्यीय विश्व कप दल का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन टीम प्रबंधन के मुताबिक किसी ना किसी चरण पर अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्पिन ऑलराउंडर की भूमिका के लिए बहुत लोग हमारे रडार में हैं, जिसमें आर अश्विन का नाम भी शामिल है। मैं उनसे फोन पर लगातार बात भी कर रहा हूं। वॉशिंगटन क साथ भी ऐसा है। हम ऐसा खिलाड़ी चाहते हैं, जो गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी अपनी भूमिका निभा सकते हैं। अक्षर की चोट के बारे में हमें देर रात पता चला और उसके बाद वॉशिंगटन ही उपलब्ध थे, जिन्हें हमने खेलने के लिए बुलाया। वह भाग्य से एशियाई खेलों के दल के साथ बेंगलुरू में ही थे। वह ट्रेनिंग कर रहे थे, गेंदबाजी कर रहे थे और पूरी तरह से मैच फिट थे। मैं कोई नाम नहीं लूंगा लेकिन मैं कई लोगों से बात कर रहा हूं, जो हमारी योजनाओं का हिस्सा हैं और यह उन्हें भी पता है। कोई अंधेरे में नहीं है, सभी को लूप में रखा गया है।

जितना नसीब में होता है, आपको उतना ही मिलता है : सिराज

कोलंबो (एजेंसी)। एशिया कप फाइनल में जसप्रीत बुमराह ने अपने पहले ही ओवर में श्रीलंका को पहला झटका दिलाया, लेकिन उसके बाद मोहम्मद सिराज ने पूरी तरह से मैच पर अपनी पकड़ बना ली। अपने दूसरे ओवर में उन्होंने केवल चौथी बार पुरुष वनडे मैच में (जहां गेंद-दर-गेंद डाटा उपलब्ध हो) एक ओवर में चार विकेट लिए। वह यहीं नहीं रुके - दो और विकेट लेते हुए उन्होंने 21 रन देकर छह विकेट लिए और श्रीलंका को केवल 50 के स्कोर पर रौंदा। इस स्पेल को उन्होंने सपने जैसा बताया और कहा कि उन्होंने केवल लाइन और लेंथ एक्जिक्यूट करते हुए एशिया कप इतिहास में दूसरे सर्वश्रेष्ठ फिगर अपने नाम किए। श्रीलंकाई पारी के बाद ब्रॉडकास्ट पर सिराज ने कहा कि मैंने पिछली बार श्रीलंका के साथ ट्रिवैंड्रम में ऐसा किया था और चार विकेट लिए थे। लेकिन मैं पांच विकेट नहीं लिया था। तब मुझे समझ आया था जितना नसीब में होता है उतना ही मिलता है, कोशिश आप जितना भी कर लो। यहां पर प्लान स्पष्ट था - लाइन और लेंथ एक्जिक्यूट करना है और विकेट मिलते रहे। चौथे ओवर की पहली गेंद पर पथुम निसंका हवा में ड्राइव करते हुए प्वाइंट पर कैच आउट हुए। दो गेंद बाद सदीरा समराविक्रमा अंदर आती गेंद पर स्टंप के सामने टिके रहे और पगबाधा हुए। अगली गेंद पर चरिथ असलंका ने कवर की दिशा में एक फुल गेंद को धकेल दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर धनंजय डीसिल्वा ड्राइव लगाते हुए विकेट के पीछे कैच आउट हुए। सिराज ने दसुन शानका और कुसल मेंडिस दोनों को बोल्ड करते हुए अपने छह विकेट पूरे किए। घने बादल तले गेंदबाजी करते हुए सिराज ने नई गेंद से स्विंग निकालते हुए करिश्माई गेंदबाजी की। उन्होंने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि काफी टाइम से मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा था और खाली वो (बल्लेबाज) बीट हो रहे थे। आज एज लग रहे थे और मेरी कोशिश थी कि एज को जितनी बार ले सकें। यह विकेट सीम होता आया है लेकिन आज स्विंग भी हो रहा था। मैंने कोशिश की कि बल्लेबाजों को ज़्यादा से ज़्यादा खिलाया जाए। मैंने सोचा स्विंग हो रहा है तो थोड़ा ऊपर डालता हूं। वह ड्राइव मरने जाएंगे तो कैच हो सकते हैं। पिच बहुत अच्छा था और थोड़ा अच्छा स्विंग ले रहा था और शुरू में थोड़ी नमी भी मुझे लगी पिच पर। मैंने एक्जिक्यूट किया और वह अच्छा था। कई बार फील्ड को देखते हुए ऐसा लगा मानो टेस्ट मैच चल रहा हो। दरअसल सिराज अधिकतर टेस्ट मैच के लिए आदर्श लेंथ पर गेंद डालते रहे। उन्होंने कहा, मैंने विकेट का पीछा नहीं किया।

कई भारतीय खिलाड़ियों के लिए आखिरी होंगे हांगझोउ एशियाई खेल

नई दिल्ली (एजेंसी)। टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना से लेकर हॉकी के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश और महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल तक, भारत के कई धाकड़ खिलाड़ी हांगझोउ में एशियाई खेलों से विदा लेंगे। शरत और रोहन चालीस पार करने के बाद भी विश्व स्तरीय प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि 35 वर्ष के श्रीजेश अभी भी भारतीय हॉकी की दीवार हैं। टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना और चक्काफेंक खिलाड़ी सीमा पूनिया के लिए भी यह आखिरी एशियाई खेल हैं। ये सभी कैरियर के आखिरी पड़ाव पर भी पदक के दावेदार हैं।

पीआर श्रीजेशः भारतीय हॉकी की दीवार श्रीजेश एक समय में एक ही टूर्नामेंट पर फोकस कर रहे हैं। यह उनके आखिरी एशियाई खेल हैं जिनमें स्वर्ण पदक जीतकर अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाइ करना भारतीय टीम का लक्ष्य है। भारत के लिए 2006 में सीनियर स्तर पर पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद वह तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। जकार्ता में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को अगर पदक का रंग बदलना है तो उसमें श्रीजेश की अहम भूमिका होगी।

शरत कमलः 41 वर्ष के टेबल टेनिस स्टार शरत कमल अब तक एशियाई खेलों में दो पदक जीत चुके हैं। यह उनका पांचवां और आखिरी टूर्नामेंट है। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में तीन स्वर्ण पदक जीते थे।

बजरंग पूनियाः 29 वर्ष के पहलवान पूनिया भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में प्रदर्शन की अगुवाई करने के बाद पहली बार मैट पर लौटेंगे। वह 65 किलोवर्ग में गत चैम्पियन हैं।

रोहन बोपन्नाः 43 वर्ष के बोपन्ना ने इस साल पुरूष युगल वर्ग में विम्बलडन सेमीफाइनल और अमेरिकी ओपन फाइनल खेला। इक्कीस साल पहले एशियाई खेलों में पदार्पण करने वाले बोपन्ना गत चैम्पियन हैं। उन्होंने 2018 में दिविज शरण के साथ खिताब जीता था। वह हांगझोउ में युकी भांबरी के साथ उतर सकते हैं।

विश्वकप जीत सकता है भारत, पर प्रबल दावेदार का ठप्पा लगाना सही नहीं : कपिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि भारतीय टीम अपनी धरती पर वनडे विश्व कप जीत सकती है लेकिन उन्होंने कहा कि प्रबल दावेदार का ठप्पा लगाना सही नहीं है क्योंकि बहुत कुछ तकदीर पर निर्भर करेगा। कपिल ने कहा कि अगर हम शीर्ष चार में आ गए तो यह महत्वपूर्ण होगा। इसके बाद से किस्मत की बात है। उन्होंने जम्मू तवी गोल्फ कोर्स पर चार से सात अक्टूबर तक होने वाले जे एंड के ओपन के तीसरे सत्र के लांच से इतर कहा, 'हम अभी नहीं कह सकते कि हम प्रबल दावेदार है। हमारी टीम अच्छी है। दिल कुछ कहता है और दिमाग कहता है कि अभी काफी मेहनत करनी होगी। मैं अपनी टीम को जानता हूं लेकिन दूसरी टीमों को नहीं जानता। ऐसे में जवाब देना गलत होगा। उन्होंने कहा कि जहां तक भारत का सवाल है तो यह टीम जीत सकती है। उन्हें जुनून के साथ खेलना चाहिए। भारत ने श्रीलंका को एशिया कप फाइनल में दस विकेट से हराकर खिताब जीता।

ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में नहीं खेलेंगे रोहित और कोहली

मुंबई(एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 सितंबर से शुरू होने जा रही तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। पहले दो मैचों से विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। टीम की कमान केएल राहुल के हाथों में रहेगी, आर अश्विन की टीम में वापसी हुई है तीसरे वनडे के लिए हालांकि रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पांड्या की टीम में वापसी होगी । टीम इंडिया के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने एक प्रेस वार्ता के दौरान टीम की घोषणा की । टीम में पहले दो वनडे के लिए दिग्गज प्लेयर नहीं है। माना जा रहा है कि वर्कलोड मैनेजमैंट के तहत कुछ प्लेयर्स को इस सीरीज के पहले दो मैचों में आराम दिया गया है। कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित सीनियर खिलाड़ियों को पहले दो मैचों से विश्राम दिया गया। अश्विन ने अपना अंतिम वनडे मैच जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका में खेला था।

पहले दो वनडे के लिए टीमः केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, आर अश्विन, वॉशिंगटन सुंदर ।

अंतिम दो वनडे के लिए टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, आर अश्विन, वॉशिंगटन सुंदर।

हॉकी रैंकिंग में भारतीय पुरूष तीसरे, महिलाएं सातवें स्थान पर

लुसाने (एजेंसी)। भारतीय पुरूष हॉकी टीम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की ताजा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। भारत (2771) मई 2022 में शीर्ष तीन से बाहर हो गया था। भारत की रैंकिंग में सुधार पिछले महीने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत मिलने से हुआ है। भारत ने सात में से छह मैच जीते और एक ड्रॉ रहा।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शादी के पहले मेरा नाम दीपिका पाण्डेय पुत्री श्री रामनारायण पाण्डेय था जो शादी के बाद अब मेरा नाम दीपिका द्विवेदी हो गया है। अतः मुझे दीपिका द्विवेदी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे, तथा सभी दस्दावेजों में यही नाम दर्ज किया जावें।

पुराना नाम-दीपिका पाण्डेय
नया नाम-दीपिका द्विवेदी

न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 0049 /अ-6/2022-23

उद्घोषणा पत्र

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीरज अग्रवाल आ. स्व. श्री ओम प्रकाश अग्रवाल निवासी जाटखेडी म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय क्र./ वसीयत/दान.... दिनांक... ग्राम जाटखेडी पह.न.- 22, स्थित भूमि खसरा नंबर 39/2/1/1 आदि रकबा 33.759 है. भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 19/09/2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 05/09/2023 को जारी किया गया।

2789 सील

नायब तहसीलदार
तहसील-कोलार, भोपाल

आम सूचना

मेरे पक्षकार ओम इंटरप्राईजेज, 04/01, चितौड़ कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, जोन-1, भोपाल के द्वारा दिनांक 01.08.2023 को 20 पैक हैमल्ब एल्ब्युमिन-100 एम.एल, मूल्य रु. 73,000/- एवं दिनांक 04.08.2023 को 20 पैक हैमल्ब एल्ब्युमिन-100 एमएल मूल्य रु. 73,000/- ने उमेश राठौर प्रोपराईटर महाकाल मेडीकल एण्ड सर्जीकल, दुकान नं. 03 गली नं.-04, इब्राहिमगंज, हमीदिया रोड भोपाल को विक्रय किया था। क्रेता उमेश राठौर द्वारा उक्त राशि के भुगतान हेतु दो चेक दिए थे। 1. चेक क्रमांक 248162 दिनांक 10.08.2023 राशि रू. 73000/- एवं 2. चेक क्रमांक 248169 दिनांक 10.08.2023 राशि रू.-73000/- थे। उक्त क्रेता उमेश राठौर को पुनः दिनांक 31.07.2023 को 10 पैक हैमल्ब एल्ब्युमिन - 100 एमएल. मूल्य रू.-36,500/- एवं दिनांक 07.08.2023 को 20 पैक हैमल्ब एल्युमिन - 100 एमएल, मूल्य रू.-73,000/- को विक्रय किया गया था। क्रेता उमेश राठौर द्वारा उक्त राशि के भुगतान हेतु पुनः दो चेक दिए गए। 1. चेक क्रमांक 248168 दिनांक 07.08.2023 रू.-36500/- एवं 2. चेक क्रमांक 248171 दिनांक 29.08.2023 राशि रू.-73000/- दिए गए थे। यह कि मेरे पक्षकार ओम इंटरप्राइजेज द्वारा जब क्रेता उमेश राठौर के द्वारा दिए गए एक्सेस बैंक के चेक अपने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा एमपी नगर, भोपाल में निकासी हेतु डाले गए तो क्रेता के बैंक खाते में उपलब्ध राशि न होने के कारण चारों चेक बाउंस हो गए। क्रेता उमेश राठौर से निवेदन है, कि आम इंटरप्राईजेस की चारों चेको की कुल राशि रू. 2,55,500/- भुगतान करने का कष्ट करें अन्यथा अपके विरूद्ध दीवानी एवं फौजदारी की विधिक कार्यवाही संधारित की जावेगी, जिसका संपूर्ण हर्जा-खर्चा आपके द्वारा वहन किया जावेगा।

2790

महावीर भटनागर, अधिवक्ता
महेश समृद्धि किलोल पार्क के पीछे मेन रोड, भोपाल
मो. 9893203696

आम सूचना

मेरे पक्षकार **एक्सिस बैंक लि.** (लोन सेन्टर -SBB / CPC), निअर ICICI बैंक, प्लॉट नं. जेड-13, द्वितीय तल, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि अजीज बेग आ. बन्ने बेग ने संपत्ति जो कि प्लॉट नं. 115, इकबाल नगर कॉलोनी, ट्रेन्चिंग ग्राउण्ड, अशोका गार्डन के पास, रायसेन रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल में स्थित है, को मेरे पक्षकार के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। यह कि उक्त संपत्ति उन्होंने नूर उल हसन से विक्रय पत्र दिनांक 14/02/93, जो उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पुस्तक क्र. अ-1, ग्रंथ नं. 8980, दस्ता. नं. 2135 पर पंजीकृत है, को क्रय की थी। उक्त संपत्ति का नाप 1000 वर्गफिट व चतुर्सीमायें पूरब-प्लॉट नं. 114, पश्चिम-प्लॉट नं. 116, उत्तर- ओपन स्पेस व दक्षिण में-30 फिट रोड है। यह कि उक्त संपत्ति से संबंधित पिछली मूल रजिस्ट्री जो कि दि. 24/02/81, पुस्तक क्र. अ-1, ग्रंथ क्र. 2632, दस्ता. क्र. 5070 पर उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पंजीकृत है। उक्त संपत्ति के मूल विक्रय पत्र कहीं गुम हो गया है, जो कि समस्त प्रयासों के बाद भी नहीं मिल पा रहे हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के **07 दिवस** के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

भवदीय दीपक शर्मा (एडवोकेट)
कार्या.-ई-5/13-सी, अरेरा कालोनी, भोपाल
फोनः 0755-4007897,9993001229

2788

आम सूचना

Form No.
[See Regulation - 33 (2)]
Office of the Recovery Officer - I/II
Debt Recovery Tribunal, Jabalpur
797- II, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur, M.P. 482001
(Jurisdiction MP & CG)

(Under Rule 53 of the Second Schedule to the Income Tax Act, 1981)
NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION

OAEX 300/2013

CANARA BANK _____ Certificate Holder
Versus
MANISH GUPTA AND ANR _____ Certificate Debtor

To, **(CD1) Shri Manish Gupta** S/o. Shri Mahesh Kumar Gupta.
Proprietor of M/s. Manish Agency.
R/o. House No. 9 1 5-A. Ashoka Garden, Raisen Road, Bhopal, (M. P.) 462023

(CD2) Shri Mahesh Kumar Gupta S/o. Late Shri Kundan Lal Gupta.
R/o. House No. 9 1 5-A. Ashoka Garden, Raisen Road, Bhopal, (M. P.) 462023

Whereas in execution of Certificate No. **OA/76/2012** dawn up by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal, Jabalpur (MP), the undersigned has ordered the sale of the under mentioned immovable property. You are hereby informed that the **23rd day of October 2023** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are required to bring to the notice of the under signed any encumbrances, charges, claims or liabilities attaching to the said properties or any portion thereof.

SPECIFICATION OF PROPERTY

Open Plot no 2. situated at Hari Ram Khamla Ka Baagh, Arjun Nagar, Ward No. 70. Opposite Honda Big Wing/Attractive Showroom, Raisen Road. Bhopal (M.P.) area admeasuring 557.62sq.mtr. in the name of **Shri Mahesh Kumar Gupta**

Given under my hand and the seal of the **14th September 2023**.

Vaatsalya Kumar
Recovery Officer,
Debt Recovery Tribunal, Jabalpur

In The Court of III Civil Judge Class-1 District Court, Bhopal Presiding Officer: तथागत याग्निक

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000145/2023)

विमला उर्फ सीमा गांधी..... आवेदक
Vs
बैंक ऑफ इंडिया..... अनावेदक

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **विमला उर्फ सीमा गांधी** पता ने मृतक स्व. पति जगदीश चंद्र गांधी निवासी-ए-322 न्यू मिनाल रेसीडेंसी को जे.के. रोड हुजूर गोविंदपुरा भोपाल (म.प्र.) राशि/सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 October 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 October 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 09 September 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायाधीश
(तथागत याग्निक)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
भोपाल (म.प्र.)

2787

आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सेंधवाल पंजीयन क्रमांक 1472

क्रं. वार्षिक आमसभा 2023 **वार्षिक साधारण सभा सूचना** दिनांक- 12.09.2023

आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्यादित सेंधवाल के समस्त अंशधारियों से निवेदन है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 26/09/2023 दिन मंगलवार समय दोपहर 12 बजे से संस्था कार्यालय प्रांगण में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। अंशधारियों से निवेदन है कि वार्षिक आमसभा में निर्धारित समय पर पधारें। समयावधि में गणपूर्ति न होने पर बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात् 12:30 बजे आयोजित की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। आपकी उपस्थिति बैठक में सादर प्रार्थनीय है।

नसीर अहमद कुरैशी
समिति प्रबंधक

मोहनसिंग दांगी
प्रशासक

वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित सहेजला पंजीयन क्रमांक 172

क्र./साधारण सभा/20/क्यू/1 **वार्षिक साधारण सभा सूचना** दिनांक- 09.09.2023

महानुभाव

वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित सहेजला के अंशधारी सदस्यों कि वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 27.09.2023 दिन बुधवार को प्रातः 1.30 बजे स्थान-संस्था कार्यालय में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जायेगा। सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात किया जावेगा, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

जी.पी. नागवंशी
प्रशासक

के.डी. बिरला
संस्था प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुन्दी पंजीयन क्रमांक 692

क्र./साधारण सभा/2023-24/क्यू/1 **वार्षिक साधारण सभा सूचना** दिनांक- 14.09.2023

महानुभाव

सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुन्दी के अंशधारी सदस्यों कि वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 29.09.2023 दिन शुक्रवार को दोपहर-12.30 बजे स्थान-संस्था कार्यालय में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जायेगा। सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात किया जावेगा, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

दिनेश गुप्ता
प्रशासक

योगेन्द्र महोदय
संस्था प्रबंधक

आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्यादित, गुलाई पंजीयन क्रमांक 854

क्रं. वार्षिक आमसभा 2023 **वार्षिक साधारण सभा सूचना** दिनांक- 12.09.2023

आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुलाई के समस्त अंशधारियों से निवेदन है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 28/09/2023 दिन गुरूवार समय दोपहर 12 बजे से संस्था कार्यालय प्रांगण में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। अंशधारियों से निवेदन है कि वार्षिक आमसभा में निर्धारित समय पर पधारें। समयावधि में गणपूर्ति न होने पर बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात् 12:30 बजे आयोजित की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। आपकी उपस्थिति बैठक में सादर प्रार्थनीय है।

विक्रम अवासे
समिति प्रबंधक

मोहनसिंग दांगी
प्रशासक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिहाड़ा पंजीयन क्रमांक 546

क्र./साधारण सभा/20/क्यू/1 **वार्षिक साधारण सभा सूचना** दिनांक- 09.09.2023

महानुभाव

सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिहाड़ा के अंशधारी सदस्यों कि वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 27.09.2023 दिन बुधवार को प्रातः 10.30 बजे स्थान-संस्था कार्यालय में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जायेगा। सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात किया जावेगा, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

जी.पी. नागवंशी
प्रशासक

के.डी. बिरला
संस्था प्रबंधक